सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 10 अंक : 188 | इंदौर, बुधवार 22 जनवरी, 2025 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

RBI Notice:

# अब बैंक कॉल के नाम पर नहीं हो पाएगी ठगी

## रिजर्व बैंक ने कर दिया इंतजाम

नई दिल्ली। धोखाधड़ी और स्पैम वाले कॉल इन दिनों एक आम समस्या बन गई दिखती है। मोबाइल फोन यूजर्स अक्सर स्पैम कॉल की लगातार बौछार से निराश होते हैं, अपना माथा पीटते हैं। इन कॉल के माध्यम से घोटाले और वित्तीय धोखाधड़ी के मामले भी लगातार बढ़ रहे हैं। कई उपयोगकर्ता अपने बैंकों से वास्तविक संचार के लिए कॉल को गलत समझकर ऐसे घोटालों का शिकार हो जाते हैं। इस बढ़ती चिंता को दूर करने के लिए, भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है।




### क्या है रिजर्व बैंक का कदम

RBI ने वित्तीय संस्थानों के लिए अपने ग्राहकों को लेन-देन और मार्केटिंग कॉल करते समय उपयोग करने के लिए दो समर्पित फ़ोन नंबर श्रृंखलाएं dedicated phone number series शुरू की हैं। इस पहल का उद्देश्य मोबाइल यूजर्स को धोखाधड़ी वाले कॉल से बचाना और वैध संचार में विश्वास में सुधार करना है।

### कौन सा नंबर होगा

RBI के नवीनतम नोटिस के अनुसार, बैंकों को अब सभी लेन-देन संबंधी कॉल के लिए 1600 से शुरू होने वाले फ़ोन नंबरों का उपयोग करना आवश्यक है। इसी तरह, मार्केटिंग कॉल और एसएमएस के लिए, RBI ने दो अलग-अलग नंबर रेंज आवंटित की हैं। 1600 से शुरू होने वाले नंबरों का इस्तेमाल बैंकिंग सेवाओं से मार्केटिंग-संबंधी संचार के लिए किया जाएगा, जबकि 140 से शुरू होने वाले नंबरों का इस्तेमाल पर्सनल लोन, क्रेडिट कार्ड या बीमा जैसी सेवाओं की पेशकश करने वाले प्रचार कॉल और एसएमएस सूचनाओं के लिए किया जाएगा।

### जरूरी थी यह पहल

यह पहल फोन यूजर्स को बैंकों का प्रतिनिधित्व करने का दिखावा करने वाले स्कैमर्स द्वारा किए गए धोखाधड़ी वाले दावों से वास्तविक बैंक ऑफ़र को अलग करने में सहायता करेगी। ऑनलाइन और फ़ोन धोखाधड़ी की घटनाओं में वृद्धि को देखते हुए, जहां स्कैमर्स अक्सर बड़ी रकम चुराने के लिए बैंक प्रतिनिधि बनकर लोगों को धोखा देते हैं। RBI के इस कदम से महत्वपूर्ण राहत मिलने और वित्तीय संचार की सुरक्षा बढ़ने की उम्मीद है।

एमपी पुलिस में बड़ा फेरबदल

# 69 डीएसपी, कई सीएसपी और एसडीओपी के तबादले

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। मध्य प्रदेश सरकार ने पुलिस विभाग में बड़ा फेरबदल किया है। 69 डीएसपी के तबादले के आदेश जारी हुए हैं। इसके साथ ही कई शहरों के सीएसपी और एसडीओपी भी बदले गए हैं। गृह विभाग ने 21 जनवरी की रात ये आदेश जारी किए। इसमें भोपाल पुलिस कमिश्नरेट के एसीपी भी शामिल हैं। साथ ही, GDA से 9 अधिकारियों की गृह विभाग में वापसी हुई है।**

### अशोकनगर से अनूपपुर पहुंची डीएसपी आरती शाक्य

भोपाल पुलिस कमिश्नरेट के एसीपी भी इस तबादले से प्रभावित हुए हैं। भोपाल के शाहजहानाबाद एसीपी निहित उपाध्याय को हबीबगंज क्षेत्र की जिम्मेदारी दी गई है। डीएसपी आरती शाक्य का तबादला अशोक नगर से अनूपपुर किया गया है। सोनम पाटिल को बालाघाट से छिंदवाड़ा भेजा गया है। इसके अलावा, सामान्य प्रशासन विभाग (GDA) में कार्यरत 9 पुलिस अधिकारियों को वापस गृह विभाग में तैनात कर दिया गया है।

### पुलिस मुख्यालय से जारी हुए 2 आदेश

गृह मंत्रालय ने 21 जनवरी को दो अलग-अलग तबादला आदेश जारी किए। पहले आदेश में डीएसपी और कार्यवाहक उप पुलिस अधिकारियों के तबादले की सूची है। दूसरे आदेश में 38 डीएसपी को नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। इनमें कुछ ऐसे अधिकारी भी शामिल हैं जो पहले GDA में कार्यरत थे। यह तबादला सामान्य प्रशासनिक प्रक्रिया का हिस्सा बताया जा रहा है। हालांकि, कुछ लोगों का मानना है कि यह बदलाव आगामी चुनावों को देखते हुए किए गए हैं।

पीसीसी चीफ पटवारी के बयान पर ग्वालियर में सीएम ने कहा

# कैंसर कौन राहुल गांधी या प्रदेश के नेता?

**ग्वालियर**। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कांग्रेस पार्टी में कैंसर वाले बयान को लेकर पीसीसी चीफ जीतू पटवारी पर निशाना साधा। मंगलवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा के भतीजे की शादी में ग्वालियर आए सीएम ने मीडिया से चर्चा की। मुख्यमंत्री के साथ ही ज्योतिरादित्य सिंधिया, विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर सहित कई बड़े नेता व वीआईपी शादी में शामिल होने पहुंच रहे हैं।



पटवारी के बयान को लेकर पूछे गए सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा, मुझे अटपटा लग रहा है कि कांग्रेस परिवार में राहुल गांधी, सोनिया गांधी जैसे बड़े-बड़े नेता हैं। अब मप्र में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अपने नेताओं को कैंसर बता रहे हैं। मैं समझ नहीं पा रहा हूं कि कैंसर किसको है। प्रदेश के नेता को है या राहुल गांधी को। मैं उम्मीद करता हूं कि जो भी पार्टी चला रहे हैं उन्हें स्पष्टीकरण देना चाहिए। उनकी अपनी पार्टी में जिस ढंग का भाव बना है, मुझे लगता है की राजनीति में सब बातें चलेंगी, लेकिन अपनी पार्टी के अंदर इस ढंग से बात रखने का नया रिवाज देख रहे हैं। ये बहुत ही गड़बड़ है। इस दौरान सीएम ने कहा कि हमारी सरकार औद्योगिक श्रमिक परिवार की मदद करने के लिए तत्पर है। हमने 25-30 साल से बंद कॉटन मिल और इंडस्ट्री के लिए अभियान चला कर निराकरण किया है। सरकार ने इंदौर-उज्जैन के कई उद्योगों के भुगतान का निराकरण कराया है। हमारी सरकार हमेशा से गरीब,कमजोर और मजदूर वर्ग के साथ है। उन्होंने कहा कि ग्वालियर की JC मिल का पहले एक बार दौरा कर चुका हूं। अब दो राउंड बचे हैं।

डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट
सतर्क रहे - सजग रहें अभियान
इंदौर, बुधवार
22 जनवरी, 2025


### मेघदूत में 4 जेसीबी लेकर पहुंची रिमूवल टीम

# 300 से ज्यादा गुमटी, काउंटर, गाड़ियों पर बनी दुकानें हटाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। मेघदूत गार्डन के सामने लगी करीब 300 से ज्यादा गुमटी, काउंटर, गाड़ियों पर बनी दुकानों, शेड को हटाने की कार्रवाई की गई। नगर निगम की रिमूवल टीम का अमला चार जेसीबी लेकर पहुंचा। टीम के साथ पुलिस बल भी मौजूद रहा। बताया जा रहा है कि मेघदूत चौपाटी वालों ने मेघदूत के सामने अपनी दुकानें-गुमटियां लगा ली थी। पिछले तीन दिनों से निगम द्वारा उन्हें हटाने के लिए कहा जा रहा था, लेकिन दुकानें-गुमटियां नहीं हटाने पर निगम की रिमूवल टीम ने मंगलवार को यहां कार्रवाई की।**



आयुक्त शिवम वर्मा के निर्देश पर ये कार्रवाई की गई है। मंगलवार सुबह निगम की टीम मेघदूत के सामने पहुंची। यहां लगभग तीन सौ से ज्यादा गुमटी, काउंटर और फोर व्हीलर पर बनी दुकानें, शेड को हटाने की कार्रवाई की गई। चार जेसीबी और पुलिस बल के साथ रिमूवल की टीम यहां पहुंची। इस दौरान अपर आयुक्त रोहित सिसोनिया, उपायुक्त लता अग्रवाल, रिमूवल प्रभारी अश्विन कल्याण, जोनल अधिकारी, निगम का अमला व पुलिस बल यहां पहुंचा। टीम ने आते ही यहां पर जेसीबी से दुकानों को हटाने की कार्रवाई शुरू कर दी। जेसीबी की मदद से यहां की दुकानों-गुमटियों को तोड़ दिया। पिछले कई सालों से विजय नगर क्षेत्र के मेघदूत गार्डन के समीप मेघदूत चौपाटी लगती थी, लेकिन मेट्रो के काम के चलते उन्हें यहां से हटाने के निर्देश दिए गए थे। इसके विरोध में मेघदूत चौपाटी वालों ने धरना प्रदर्शन भी किया था। बताया जा रहा है कि पिछले तीन दिनों से उन्होंने अपनी मर्जी से मेघदूत के सामने अपनी दुकानें-गुमटियां लगा ली थी। जिसे हटाने के लिए भी निगम ने निर्देश दिए थे, लेकिन नहीं हटाने पर निगम ने कार्रवाई की।

### वाल्मीकि समाज की बेटी की बड़ी उपलब्धि

## नंदनी का MPPSC में चयन



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** वाल्मीकि समाज की होनहार बेटी नंदनी पथरोड ने मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग (MPPSC) 2022 की परीक्षा में सफलता हासिल की है। नंदनी के पिता अनीश पथरोड वाणिज्य कर विभाग में निरीक्षक के पद पर कार्यरत हैं। इस उपलब्धि पर अखिल भारतीय अनुसूचित जाति युवजन समाज, बाल समाज अधिकारी कर्मचारी संगठन, संस्था बंधन ग्रुप और संस्था दिव्य रोशनी NGO के प्रतिनिधि नंदनी के घर पहुंचे। उन्होंने माल्यार्पण कर और स्मृति चिन्ह भेंट कर नंदनी का सम्मान किया। कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित अनुसूचित जाति युवजन समाज के प्रदेश महामंत्री ब्रजेश पारोचे ने कहा कि प्रतिभाएं समाज का गौरव होती हैं और उनका सम्मान आवश्यक है। उन्होंने जोर देकर कहा कि शिक्षा के माध्यम से ही समाज, परिवार और देश का नाम रोशन किया जा सकता है। नंदनी की यह उपलब्धि पूरे वाल्मीकि समाज के लिए गर्व का विषय है।

# सर, हमारी कॉलोनी के सरकारी बगीचे पर स्कूल संचालकों ने कब्जा कर लिया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** सर, हमारी कॉलोनी के सरकारी बगीचे पर स्कूल संचालकों ने कब्जा कर लिया है। उन्होंने हरे-भरे पेड़ काट दिए हैं। वे हमें इसमें खेलने नहीं देते। अब बगीचे में आवारा कुत्तों को छोड़कर ताला लगा दिया है। आखिर हम बच्चे खेलने कहां जाए। हम वहां जाते हैं तो वे पीछे कुत्ते लगवा देते हैं। प्लीज बगीचा खुलवा दीजिए।

मंगलवार को अशोक नगर के कई बच्चे कलेक्टर और नगर निगम की जनसुनवाई में शिकायत लेकर पहुंचे। उन्होंने बताया कि चार माह से कॉलोनी के सरकारी बगीचे पर एक्सीलेंट एकेडमी और एक्सीलेंट इंटरनेशनल स्कूल के संचालक गोपाल सोनी ने कब्जा कर लिया है। बीते दिनों उन्होंने कई हरे-भरे काट डाले। हम बगीचे में जाते हैं तो वे



कुत्तों को पीछे लगवा देते हैं। बच्चों ने अधिकारियों को मोबाइल पर वीडियो भी बताए? पीड़ितों में रहवासी, अजय पठानिया, अनुरोध शर्मा, जगदीश योगी, सिमरन वर्मा, मंगल सिंह, श्याम ठाकुर सहित अन्य भी हैं। 15 दिन पहले भी रहवासियों ने इसे लेकर जनसुनवाई में शिकायत की थी। इसके बाद कोई कार्रवाई नहीं होने पर रहवासी प्रियंशी सोलंकी के साथ जनसुनवाई में पहुंचे। मामले में स्कूल संचालक गोपाल सोनी का कहना है कि मेरे पड़ोस में दिलीप बुधानी का एमपी पब्लिक स्कूल है। मैंने एक साल पहले यहां स्कूल बनाया है जबकि उनका 25 साल पुराना स्कूल है। हम दोनों की एक ही बाउंड्री है और एजुकेशनल प्लॉट है। वे इन दिनों प्रतिस्पर्धा से बौखलाए हुए हैं। उनके यहां के 200 बच्चों के अभिभावक मेरे स्कूल के संपर्क में हैं। वे अपने बच्चों का एडमिशन मेरी स्कूल में करवाना चाहते हैं। सोनी का आरोप है कि एमपी पब्लिक स्कूल की छवि अच्छी नहीं है। एक बार मान्यता रद्द होने के साथ एफआईआर भी दर्ज हो चुकी है। पास ही में माहेश्वरी समाज का कम्युनिटी हॉल की जगह है। बुधानी ये जमीन किराए पर लेना चाहते थे लेकिन उन्होंने नहीं दी। इसे पर उन्होंने यह भ्रम फैलाया कि यह गार्डन की जगह है। बुधानी ने पूर्व में एरोड्रम थाने में भी शिकायत की थी लेकिन जांच में गलत साबित हुए। माहेश्वरी समाज तब जमीन के सारे बताए थे। अब उन्होंने बच्चों को आगे कर शिकायत की है। हमारे पास सारे रजिस्ट्री सहित सारे दस्तावेज हैं। मामले में निगम कमिश्नर शिवम वर्मा ने बताया कि उन्हें शिकायत मिली है। यह पब्लिक गार्डन है या निजी, इसकी जांच की रही है।

# जमीन से उठकर करोड़पति बने किसान वीरेंद्र पटेल के काम की गूंज दिल्ली के राष्ट्रपति भवन तक पहुंच गई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** मध्य प्रदेश के इंदौर जिले के गोविंदपुरा इलाके के कुलाला गांव में रहने वाले किसान वीरेंद्र पटेल ने किसान भाइयों के लिए सराहनीय काम कर दिया है। उनके काम की गूंज दिल्ली के राष्ट्रपति भवन तक पहुंच गई। इतना ही नहीं वीरेंद्र के उत्कृष्ट कार्य को देख 26 जनवरी को राष्ट्रपति भवन में आयोजित होने वाले 'ऐट होम' रिसेप्शन में शामिल होने का विशेष निमंत्रण प्राप्त हुआ है। उन्हें इस अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सम्मानित भी करेंगी।

इंदौर के कृषक वीरेंद्र पटेल को यह सम्मान केंद्र सरकार की कस्टम हायरिंग योजना के तहत उत्कृष्ट कार्य करने के लिए दिया जा रहा है। उन्होंने, अत्याधुनिक कृषि उपकरणों के माध्यम से क्षेत्र के 1000 से अधिक किसानों को सेवाएं प्रदान की हैं। इसी का नतीजा है कि करीब इन किसानों का जीवन बदल गया है। 2016 में उन्होंने ग्राम कुलाला में 'आंजना कस्टम हायरिंग सेंटर' की स्थापना की थी। 25 लाख रुपये की लागत से शुरू हुए इस केंद्र में उन्हें केंद्र सरकार से 10 लाख रुपये की सब्सिडी और 9 लाख रुपये का बैंक फाइनेंस मिला था। इसके साथ ही वीरेंद्र ने घर से करीब 6 लाख रुपए लगाए। इसके बाद अपने प्रयासों और कड़ी मेहनत से उन्होंने इस केंद्र को 1.5 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के आधुनिक कृषि यंत्रों का केंद्र बना दिया है। केंद्र सरकार



की इस योजना के तहत पटेल कम लागत पर क्षेत्र के 10 से अधिक गांवों के छोटे और मध्यम किसानों को उपकरण किराए पर उपलब्ध कराते हैं। इससे न केवल किसानों की कृषि लागत कम हुई है, बल्कि उनकी उत्पादन क्षमता भी बढ़ी है। इसके साथ ही पटेल ने 10 से अधिक युवाओं को रोजगार भी दिया है। वीरेंद्र सिंह पटेल को 2018 में भी 'सर्वोत्तम उत्कृष्ट कृषक' का पुरस्कार मिल चुका है। उनकी मेहनत और नवाचार ने न केवल उन्हें आत्मनिर्भर बनाया है, बल्कि उन्होंने अन्य किसानों और बेरोजगारों को भी अपनी जिंदगी सुधारने का अवसर दिया है। किसान के सराहनीय कार्य के लिए उन्हें इस वर्ष गणतंत्र दिवस पर राष्ट्रपति भवन में सम्मानित किया जाएगा। वीरेंद्र पटेल 24 जनवरी को दिल्ली के लिए रवाना होंगे। राष्ट्रपति भवन में स्वतंत्रता दिवस और गणतंत्र दिवस के मौके पर राष्ट्रपति की तरफ से एक विशेष भोज 'एट होम' रिसेप्शन के आयोजित होता है। इसमें देश के लिए उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को इसमें आमंत्रित कर सम्मानित किया जाता है। इसी रिसेप्शन का एक इन्विटेशन इंदौर के किसान को मिला है।

## संभागायुक्त दीपक सिंह की अध्यक्षता में कलेक्टर कान्फ्रेंस 22 जनवरी को

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** संभागायुक्त श्री दीपक सिंह की अध्यक्षता में इंदौर संभाग के समस्त कलेक्टर्स की वीडियो कॉन्फ्रेंस 22 जनवरी को शाम 04.30 बजे से संभागायुक्त कार्यालय में आयोजित की गई है। संभागायुक्त द्वारा कॉन्फ्रेंस में राजस्व अभियान की प्रगति, मुख्यमंत्री जनकल्याण शिविर, समाधान ऑनलाइन, प्रधानमंत्री जल जीवन मिशन, 70 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के आयुष्मान कार्ड की प्रगति की समीक्षा करेंगे। साथ ही धरती आबा के अंतर्गत अनुसूचित जनजाति वर्ग के 100 प्रतिशत आधार, समग्र आईडी, आयुष्मान कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, प्रोफाइल पंजीयन की प्रगति तथा विभागीय जांच के लंबित प्रकरणों आदि की समीक्षा की जायेगी।

## काउंसिलिंग 28 जनवरी को

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** कलेक्टर श्री आशीष सिंह की पहल पर निजी क्षेत्र के प्रतिष्ठानों में दिव्यांगजनों को रोजगार दिलाने के लिये विशेष प्रयास किये जा रहे हैं। इसके तहत एक विशेष पोर्टल भी तैयार किया गया है। इन्हीं प्रयासों के तहत 28 जनवरी-2025 को निजी कंपनियों में दिव्यांगजनों के रोजगार के लिए प्रेस्टीज इंस्टीट्यूट ऑफ मेनेजमेंट रिसर्च सेंटर में काउंसिलिंग सत्र दोपहर 2 बजे से 4 बजे तक आयोजित किया गया है।

कलेक्टर के निर्देश पर आरटीओ द्वारा चलाया जा रहा है जनजागरूकता अभियान

# स्कूली और यात्री वाहनों पर दस्तावेज वैधता सम्बंधित जानकारी लिखवाई गई

◆ 15 वाहनों पर कार्यवाही कर 49 हजार रुपये का वसूला जुर्माना







@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** कलेक्टर श्री आशीष सिंह के निर्देश पर क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय इंदौर द्वारा लोक परिवहन वाहनों बसों, स्कूल वाहनों सहित अन्य वाहनों की लगातार चेकिंग की जा रही है। यातायात नियमों का पालन करने हेतु जागरूक किया जा रहा है। चेकिंग की कार्यवाही में वाहनों के फिटनेश, परमिट बीमा, पीयूसी, कर प्रमाण पत्र आदि चेक किये जा रहे है। बसों में ओवरलोडिंग की जांच की जा रही है।

लोगों को अपने वाहनों पर HSRP नम्बर प्लेट लगवाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। वाहन की गति, स्पीड गवर्नर सहित दस्तावेज की चेकिंग की जा रही है। दस्तावेज नहीं होने, क्षमता से अधिक बच्चों को बिठाने, परमिट शर्तों का उल्लंघन करने वाली बसों के साथ ही स्कूल वाहनों में विभिन्न कमियां पाए जाने पर आज 10 स्कूली वाहनों सहित कुल 15 से अधिक वाहनों पर जुर्माना लगाया गया। इस दौरान वाहनों से 49 हजार रूपये से अधिक का जुर्माना वसूला गया। स्कूली एवं यात्री बसों में दस्तावेज वैधता सम्बन्धी जानकारी लिखवाई गई। सभी स्कूल बस एवं यात्री बस संचालकों से अपील की गई है कि वह वाहनों के सामने वाले कांच पर अनिवार्य रूप से दस्तावेज वैधता सम्बन्धी जानकारी लिखें।

## छात्रा से ऑटो ड्राइवर ने किया बेड टच

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** जूनी इंदौर इलाके में स्कूली छात्रा के साथ छेड़छाड़ हो गई। वह स्कूल से घर आ रही थी। तब ऑटो रिक्शा चालक ने उसे आगे की सीट पर बैठाया और गलत तरीके से टच किया। छात्रा जब घर पहुंची तो परिवार को घटना बताई। पुलिस ने इस मामले में पॉस्को एक्ट सहित अन्य धाराओं में कार्रवाई की है। वहीं, आरोपी को हिरासत में ले लिया है।

पुलिस के मुताबिक निजी स्कूल की सातवीं क्लास में पढ़ाई करने वाली छात्रा की शिकायत पर ऑटो ड्रायवर संजू पर केस दर्ज किया है। छात्रा ने बताया कि वह भंवरकुआ इलाके में रहती है। जूनी इंदौर में ऑटो से स्कूल आती-जाती है। सोमवार को स्कूल की दोपहर में छुट्टी हुई। सभी बच्चों के साथ वह पीछे की सीट पर बैठी थी। तभी संजू अंकल ने सभी को घरों पर उतार दिया। इसके बाद उसे छोड़ने घर जा रहे थे। उन्हें तीन सवारी मिली तो उन्होंने कहा कि आगे की सीट पर आ जाओ। सवारियों को कलेक्ट्रेट पर उतार दिया। वहां से माणिक ब्रिज पर आकर ऑटो रोकी और गलत तरीके से टच किया। चेहरे पर भी टच किया। बाद में डर के चलते पीछे चली गई। घर पहुंचने पर दीदी को पूरी बात बताई। इसके बाद माता-पिता से बात कर थाने पहुंचे। रात में पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया।

## शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** इंदौर के सेंट्रल कोतवाली थाना पहुंची एक युवती ने दुष्कर्म का केस दर्ज कराया है। युवती ने अपनी शिकायत में कहा है कि इलाके में रहने वाला एक युवक ने उससे दुष्कर्म किया। इसके बाद वह धर्म परिवर्तन का दबाव डाल रहा है। टीआई रविंद्र पाराशर ने बताया कि खरगोन से इंदौर पढ़ाई के सिलसिले में आई युवती की पहचान इंदौर के रानीपुरा इलाके में रहने वाले ओवेश खान से हुई थी। दोनों पहले इंस्टाग्राम पर दोस्त बने और फिर बातें करने लगे। इस दौरान घूमने फिरने भी गए। ओवेश ने युवती से शादी की बात करते हुए शारीरिक संबंध भी बनाए लेकिन बाद में शादी की बात वह टालता रहा। फिर इसके बाद युवती से कहा कि वह धर्म परिवर्तन कर ले तो शादी कर लेगा। इस बात पर युवती ने उससे कहा कि वह धर्म नहीं बदल सकती। बिना धर्म बदले शादी करना चाहती हूं। इसके बाद वह युवती को धमकाने लगा। युवती ने हिंदू जागरण मंच के लोगों की मदद ली। मंगलवार को हिंदू जागरण मंच के कन्नू शर्मा इस मामले में थाने पहुंचे ओर युवती की शिकायत पर रेप और धर्म परिवर्तन का दबाव का केस दर्ज कराया। पुलिस के मुताबिक आरोपी ओवेश फरार है। उसकी तलाश की जा रही है। अभी पुलिस ने उसके भाई को पूछताछ के लिए बैठाया है।

## दिव्यांग बाल गृह से भागा बच्चा आठ कर्मचारियों का स्टॉफ, फिर भी बच्चे करते है काम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** परदेशीपुरा स्थित शासकीय मानसिक दिव्यांग बालगृह से एक बालक भाग गया, हालांकि कर्मचारियों ने उसे गृह से तीन सौ मीटर दूर एक मंदिर से पकड़ लिया। इस बाल गृह में रखे जाने वाले बच्चों से बेवजह काम कराने की जानकारी भी सामने आई है। इस कारण बच्चे परेशान हो जाते है। काम के दबाव के कारण परिजन कुछ दिनों के लिए बच्चों को अपने साथ ले जाते है। इस गृह में युगपुरुष आश्रम से शिफ्ट कराए गए कुछ बच्चे भी है। युगपुरुष आश्रम में तीन माह पहले बीमारी के कारण 11 बच्चों की मौत हो गई थी। उसके बाद प्रशासन ने आश्रम की मान्यता निरस्त कर दी। इस शासकीय गृह में कुल 40 बच्चे है। इनमें 32 लड़के और आठ लड़कियां है। यहां आठ कर्मचारियों का स्टॉफ है। दो चौकीदार है, जबकि खाना बनाने, सफाई के लिए महिला कर्मचारी है, लेकिन यहां ज्यादातर काम बच्चों से कराया जाता है।नाबालिग बच्चे यहां झाड़ू-पोछा करते है। इसके अलावा रोटी बेलने, सब्जी काटने जैसा काम भी उन्हें कराया जाता है। इस गृह में बच्चों के लिए गर्म पानी के लिए गीजर नहीं है। परिसर में लगे चुल्हे पर बच्चे पानी गर्म करते है। कपड़े भी वे खुद धोते है। बच्चे के गृह से भागने से जुड़े सवाल पर गृह प्रभारी नीता कुचेरिया ने कहा कि गृह से बालक भागा नहीं था। वह तो मंदिर गया था। उसे स्टॉफ वापस ले आया। बच्चों से काम कराने की बात को उन्होंने निराधार बताया।

## ठेकेदार का शव रेलवे पटरी पर मिला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** बाणगंगा इलाके में सोमवार रात एक ठेकेदार का शव रेलवे पटरी पर पड़ा मिला। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को अरविंदो अस्पताल भेजा। पुलिस के मुताबिक, नितीन पुत्र अशोक मिश्रा निवासी अवंतिका नगर ठेकेदारी का काम करता है। वह सोमवार को सांवेर में मजदूरों के पास गए थे और शाम को उन्हें पेमेंट दिया था। इसके बाद वह अपने दोस्तों के साथ पार्टी करने गए थे। रात में उनका शव एमआर 10 रेलवे क्रॉसिंग के पास पड़ा मिला। रेलवे कर्मचारियों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस के मुताबिक, एक्सीडेंट और आत्महत्या को लेकर अभी जांच की जा रही है। ठेकेदार के मोबाइल की डिटेल भी खंगाली जा रही है।

## गंदगी फैलाने और अतिक्रमण पर कार्रवाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** शहर में कचरा, गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। मंगलवार को निगम की टीम जोन 15 के वार्ड 83, स्कीम नंबर 71 स्थित स्क्रैप व्यापारी एनएस ट्रेडर्स पर पहुंची। यहां पर टीम को रोड पर काफी कचरा, गंदगी मिली। साथ ही दस हजार स्क्वेयर फीट से ज्यादा के क्षेत्र पर अतिक्रमण भी मिला। निगम की टीम को इसकी शिकायत मिली थी। इस पर टीम ने सख्त कार्रवाई की। निगम आयुक्त शिवम वर्मा और अपर आयुक्त अभिलाष मिश्रा के निर्देशानुसार मौके पर मौजूद स्वास्थ्य अधिकारी गौतम भाटिया, मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक पंकज धोलपुरे, सत्येंद्र सिंह तोमर, करतार सिंह, वार्ड दरोगा और एनजीओ ने एनएस ट्रेडर्स पर एक लाख रुपए का स्पॉट फाइन किया। साथ ही एनएस ट्रेडर्स को सख्त चेतावनी दी गई कि भविष्य में गंदगी फैलाने और अतिक्रमण करने पर उनके खिलाफ बड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# पत्नी के खिलाफ सुसाइड नोट लिखकर फोटोग्राफर ने दी जान

लिखा- 'महिलाएं कानून का दुरुपयोग करती हैं...ऐसे ही उजड़ते रहेंगे परिवार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट



**इंदौर।** बाणगंगा इलाके में नितिन पडियार (28) नामक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या से पहले उसने 14 पन्नों का सुसाइड नोट लिखा, जिसमें अपनी पत्नी और ससुरालवालों पर गंभीर आरोप लगाए। नितिन यादव नंद नगर का निवासी था और इवेंट फोटोग्राफी का काम करता था।

सोमवार रात जब उसका बड़ा भाई सूरज उसे खाने के लिए बुलाने गया, तो नितिन को फंदे पर लटका हुआ पाया। सुसाइड नोट में नितिन ने लिखा, 'मेरी मौत का जिम्मेदार सिर्फ मेरी पत्नी हर्षा शर्मा, सास सीता शर्मा, साली मीनाक्षी और वर्षा शर्मा हैं। मम्मी, मेरे जाने के बाद रोना मत। मैं वापस तुम्हारा बेटा बनकर आऊंगा। भारत सरकार से विनती है कि शादी के कानून में बदलाव करें, क्योंकि महिलाएं इसका दुरुपयोग कर रही हैं। नितिन ने अपने नोट में युवाओं से शादी न करने या एग्रीमेंट के साथ शादी करने की सलाह दी। उसने यह भी लिखा कि अगर कोई उसके साथ हुए अन्याय को समझता है, तो उसे न्याय दिलाए। नितिन और हर्षा की मुलाकात दोस्तों के माध्यम से हुई थी। दोनों ने लिव-इन में रहने के बाद शादी की। 2023 में हर्षा अपने मायके राजस्थान गई और वापस नहीं लौटी। हर्षा ने तलाक और भरण-पोषण का केस दर्ज किया, जिसमें 30 लाख रुपए की मांग की गई। यह बात नितिन के तनाव का कारण बन गई। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए अरविंदो अस्पताल भेजा है। मामले की जांच की जा रही है। इस घटना ने महिला सशक्तिकरण कानून के दुरुपयोग को लेकर सवाल खड़े किए हैं।

# मोहन सरकार जनता के सुझाव से बना रही बजट
# वित्त मंत्री 23 को विषय-विशेषज्ञों से करेंगे संवाद

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** मध्य प्रदेश की मोहन सरकार मार्च में राज्य का बजट पेश कर सकती है। इस बार सरकार को फोकस गरीब, युवा, महिला और किसान पर है। सरकार जनता से सुझाव लेकर अपना बजट तैयार कर रही है। 23 जनवरी को वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा बजट को लेकर विषय-विशेषज्ञों से संवाद करेंगे। मध्य प्रदेश की डॉ. मोहन यादव सरकार फरवरी अंत या मार्च के प्रथम सप्ताह में राज्य का बजट पेश कर सकती है। इस बार का बजट युवा, महिला, गरीब और किसान पर केंद्रित होगा। बजट में इन वर्गों के लिए चलाई जा रही योजनाओं में अधिक वित्तीय प्रावधान किया जाएगा। वित्त विभाग ने सभी विभागों के साथ बजट को लेकर बैठक कर ली है। मुख्यमंत्री सभी विभागों को युवा, महिला, गरीब और किसान वर्गों के लोगों को केंद्रीय योजनाओं का लाभ शत प्रतिशत उपलब्ध कराने के निर्देश दे चुके हैं।

इसी क्रम में वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए बजट तैयारी के संबंध में 'बजट पर संवाद' 23 जनवरी को आर.सी.व्ही. पी नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी भोपाल में सुबह 10:30 बजे से होगा। बजट पर संवाद में उप मुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा विभिन्न क्षेत्रों के विषय विशेषज्ञों के साथ चर्चा कर आगामी बजट को अधिकाधिक जनोपयोगी और प्रभावशाली बनाए जाने के लिए बहुमूल्य सुझाव प्राप्त करेंगे। बता दें, इस बार का बजट 3 लाख 65 हजार करोड़ रुपये से अधिक का हो सकता है। हाल ही सरकार की 22 हजार करोड़ रुपए की राशि अलग-अलग विभागों को अनुपूरक बजट के माध्यम से उपलब्ध कराई। इसको मिलाकर बजट चार लाख करोड़ रुपये तक का हो सकता है।



### क्षेत्र विशेषज्ञों से सुझाव प्राप्त करने हो रहा संवाद

वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने एवं भारत की अर्थव्यवस्था को 5 ट्रिलियन इकोनॉमी बनाए जाने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्प को पूर्ण करने में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में कृत संकल्पित है। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए और आम जनता से जुड़ी हुई विभिन्न सुविधाओं को प्रदान करने के लिए उप मुख्यमंत्री के निर्देशन में वित्त विभाग बजट की तैयारी कर रहा है। इसमें विभिन्न क्षेत्रों जैसे बैंकिंग, ग्रामीण-विकास, जनजाति, आर्थिक एवं वाणिज्यिक, जेंडर बजट, पर्यावरण के विशेषज्ञों से सुझाव प्राप्त करने के लिए बजट पर संवाद किया जा रहा है। 'बजट पर संवाद' कार्यक्रम में बैंकिंग, अर्थशास्त्र, वित्त आयोग, उद्योग क्षेत्र के विशेषज्ञों के साथ-साथ विभिन्न क्षेत्रों जैसे कृषि, उद्यान, चिकित्सा, चार्टर्ड एकाउंटेंसी, फिल्म में सफलता पूर्वक कार्य कर रहे हितधारकों को भी सुझाव देने के लिए आमंत्रित किया जा रहा है।

### आम जनता से भी लिए जा रहे सुझाव

आम जनता से समाचार पत्रों, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म (https://mp.mygov.in/group-issue/mpbudget/), दूरभाष (0755-2700800), ई-मेल (budget.mp@mp.gov.in) व पत्राचार के माध्यम से उनके सुझाव प्राप्त किए जा रहे हैं। इससे विकास की राह पर निरंतर आगे बढ़ रहे मध्य प्रदेश के आगामी बजट में अपने सुझावों के माध्यम से सहभागिता निभाकर प्रदेश की प्रगति और समृद्धि में आम जनता भी अपना योगदान दे सकेगी। अभी तक हजारों की संख्या में सुझाव प्राप्त हो चुके हैं।

## सैर पर निकले फिर दुकान में जलेबी बनाने लगे केंद्रीय मंत्री

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**टीकमगढ़।** मंगलवार की सुबह का वक्त शहर टीकमगढ़ का सिविल लाइन एरिया में गजब नजारा सामने आया। यहां एक चाय नाश्ता की दुकान में पहुंचे लोग उस समय दंग रह गए जब एक केंद्रीय मंत्री वहां पर जलेबी और पोहा बना रहे थे। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। हमेशा अनूठे काम करके मंत्री वीरेंद्र खटीक मीडिया की सुर्खियां बनते हैं। हालांकि इस बार उनके इस अनूठे काम को लेकर कांग्रेस ने तंज कसा है।

टीकमगढ़ शहर से केंद्रीय मंत्री बने वीरेंद्र कुमार खटीक का वीडियो वायरल हो रहा है। इसमें वह एक नाश्ता की दुकान पर पोहा-जलेबी बनाते दिख रहे हैं। मंगलवार की सुबह सिविल लाइन एरिया के अग्रवाल चाय नाश्ते की दुकान पर नाश्ता बनाने का वीडियो वायरल हो रहा है। इस पर कांग्रेस ने तंज कसते हुए कहा कि जिले के विकास में ध्यान देते तो टीकमगढ़ चमक जाता। हमेशा लो प्रोफाइल रहने वाले टीकमगढ़ लोकसभा के सांसद और केंद्रीय मंत्री हमेशा मीडिया की सुर्खियां बटोरते हैं। कभी-कभी टैक्सी पर बैठकर तो कभी बाइक पर बैठकर या फिर ट्रेन से सफर करके उन्हें लोग सहज और सरल और नम्र मानते हैं। इसी कारण से वह





पिछले लगातार आठ बार से सांसद हैं। इस बार आठवीं बार टीकमगढ़ लोकसभा से चार लाख से मतों से जीतकर सांसद बने हैं। पूर्व में वह नरेंद्र मोदी की कैबिनेट में राज्य मंत्री रह चुके हैं। इस बार कैबिनेट मंत्री का उन्हें दर्जा दिया गया है। टीकमगढ़ की सड़कों पर सुबह सब्जी लेने या मॉर्निंग बात पर जाने के लिए वह अकेले ही नजर आते हैं। ना कोई सुरक्षा रहती है ना उनके साथ कोई रहता है।

इसके पीछे वह कई बार तर्क दे चुके हैं कि लो प्रोफाइल रहने से वह आम आदमी की समस्या सुन लेते हैं। समस्या सुनकर के वह लोकसभा में जनता की समस्याओं को उठाते हैं। मंगलवार की सुबह सैर पर निकलने के दौरान एक नाश्ता दुकान पर रुके और जलेबी बनाने का कपड़ा लेकर छानने लगे। इसके बाद कड़ाही में रखे पोहे को मिलाने लगे। उस दौरान वहां से गुजर रहे लोगों ने उनका वीडियो बना लिया। साथ ही सोशल मीडिया में वायरल कर दिया। वहीं, पार्टी के पदाधिकारियों ने इसे उनकी सहजता से जोड़ दिया।

## पुराने सिक्कों से रुबरू होगी नई पीढ़ी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** बदलते दौर में प्लास्टिक मनी और यूपीआई आदान-प्रदान ने सिक्कों की पहचान को धक्का लगाया है। नई पीढ़ी को सिक्कों की पहचान और इनके उपयोग की कोई जानकारी ही नहीं है। इसी को ध्यान में रखते हुए नई पीढ़ी को पुरातन सिक्कों से रूबरू कराने का एक प्रयास राजधानी में किया जा रहा है। यहां राज्य संग्रहालय में प्राचीन सिक्कों पर आधारित प्रदर्शनी 'युग युगीन सिक्के' का आयोजन किया जा रहा है। 22 जनवरी से शुरू होने वाली यह प्रदर्शनी 28 जनवरी तक चलेगी। श्यामला हिल्स स्थित राज्य संग्रहालय में होने वाला यह आयोजन डॉ. विष्णु श्रीधर वाकणकर पुरातत्व शोध संस्थान, भोपाल द्वारा किया जा रहा है। जिसमें भारत में चलने वाले प्राचीन सिक्कों की प्रदर्शनी लगाई जाएगी। आयोजक संस्था की निदेशक डॉ. पूजा शुक्ला ने बताया कि प्रदर्शनी का शुभारंभ सांची बौद्ध भारतीय अध्ययन विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. बैद्यनाथ लाभ करेंगे।

## ट्रैक्टर लेकर जेल भरो आंदोलन करने पहुंचे किसान



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**मुरैना।** मुरैना जिले में किसानों के विरोध के बाद कैलारस शक्कर कारखाने की भूमि नीलामी रोक दी गई है। मंगलवार को किसान और कांग्रेस कार्यकर्ता करीब 800 ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर धरनास्थल पर पहुंचे। वे सत्याग्रह और जेल भरो आंदोलन कर रहे थे। नीलामी के दौरान जिन चार प्रतिभागियों ने राशि जमा कराई थी, उन्होंने अपने नाम वापस ले लिए। उन्होंने लिखित में बताया कि नीलामी में लगाई जाने वाली बोली बाजार के मूल्य से ज्यादा है। जिसके बाद नीलामी स्थगित कर दी गई। वहीं, कांग्रेस विधायक पंकज उपाध्याय ने बताया, विरोध के बाद नीलामी रोक दी गई है। कलेक्टर अंकित अस्थाना ने आश्वासन दिया है कि शक्कर कारखाने को दोबारा शुरू किया जाएगा। अगर प्रशासन ने वादाखिलाफी की तो 26 जनवरी से दोबारा प्रदर्शन किया जाएगा।

## भैंस को कुत्ते के काटने पर दहशत में गांव के लोग

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर।** डबरा क्षेत्र के एक गांव में कुत्ते ने भैंस को काट लिया। इसके बाद कई लोगों ने उस भैंस के दूध का सेवन कर लिया। भैंस को कुत्ते के काटने की जानकारी लगते ही हड़कंप मच गया। उस भैंस का दूध पीने वाले 15 लोग रैबीज के खतरे के चलते इंजेक्शन लगवाने मुरार जिला अस्पताल पहुंच गए। एक साथ इतने सारे मरीजों को देखकर नर्सिंग स्टाफ हैरत में पड़ गया। स्टाफ ने लोगों से पूछा कि उनको कुत्ते ने कहां काटा है, तो वह बोले हमें नहीं काटा भैंस को काटा है, हमने तो सिर्फ दूध पिया है, इसलिए इंजेक्शन लगवाने यहां आए हैं। नर्सिंग स्टाफ ने लोगों को समझाया कि दूध पीने से कोई खतरा नहीं होता, लेकिन लोग नहीं माने और एंटी रैबीज इंजेक्शन लगवाने के बाद ही अस्पताल से गए।

## प्रयागराज से गंगा में डूबकी लगाकर लौट रहे श्रद्धालुओं की कार अनियंत्रित होकर पलटी, एक की हुई मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**मैहर।** मैहर जिले के अमरपाटन थाना क्षेत्र के नेशनल हाइवे 30 ग्राम नादन टोला के पास प्रयागराज के महाकुंभ से कटनी जा रही कार अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हादसे में कार सवार एक की मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना के बाद मौके पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई। वहीं पुलिस को भी सूचना दी गई। ग्रामीणों की सहयोग से रेस्क्यू कर सभी घायलों को बाहर निकाला गया। वहीं मृतक का मर्ग कायम कर शव को मोर्चरी शिफ्ट करवाया गया है। घटना देर रात 9 बजे की बताई जा रही है।



### महाकुंभ से कटनी जा रहे थे कार सवार

कार चालक शनि राय ने जानकारी देते हुए बताया कि कार में सभी दोस्त महाकुंभ से नहाकर कंदवारा जिला कटनी जा रहे थे। तभी नेशनल हाइवे 30 ग्राम नादन टोला के पास सामने गाय आ गई, जिसको बचाने के चक्कर में कार अनियंत्रित हो गई और चारो चक्का ऊपर हो गए। इस घटना में राहुल कुशवाहा निवासी कंदवारा की मौत हो गयी।

### मौके पर पहुंची पुलिस

घटना की सूचना मिलने के बाद अमरपाटन थाना पुलिस बल मौके पर पहुंचा और रेस्क्यू कर अभी घायलों को बाहर निकाला। इसके साथ ही मृतक के शव को मोर्चरी शिफ्ट करवाया है। वहीं आगे की कार्रवाई पुलिस द्वारा की जा रही है।

## संपादकीय

# रक्षा क्षेत्र में एक और बड़ी सफलता

भारत ने रक्षा क्षेत्र में एक और बड़ी सफलता हासिल की है। इसने सुपरसोनिक मिसाइल बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) ने स्क्रैमजेट इंजन के एक्टिव कूल्ड कम्बस्टर का जमीन पर 120 सेकंड तक सफल परीक्षण किया है। यह देश में पहली बार हुआ है। हाइपरसोनिक मिसाइलें ध्वनि की गति से पांच गुना ज्यादा तेजी से उड़ती हैं। यानी ये मिसाइलें Mach 5 से भी तेज होती हैं। दुनिया की बड़ी ताकतें इन मिसाइलों को बनाने में जुटी हैं क्योंकि ये मौजूदा मिसाइल और हवाई सुरक्षा प्रणालियों को चकमा दे सकती हैं। इनकी तेज रफ्तार, बेहतरीन नियंत्रण और कम ऊंचाई पर उड़ान भरने की क्षमता इन्हें खास बनाती है। DRDO की लैब डिफेंस रिसर्च एंड डेवलपमेंट लेबोरेटरी (DRDL) ने हाल ही में जमीन पर 120 सेकंड तक एक्टिव कूल्ड स्क्रैमजेट कम्बस्टर का परीक्षण किया। इस सफलता पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने खुशी जताई। उन्होंने कहा, 'यह उपलब्धि अगली पीढ़ी की हाइपरसोनिक मिसाइलों के विकास में एक महत्वपूर्ण कदम है।' वहीं, डीआरडीओ के एक अधिकारी ने बताया, 'अमेरिका, रूस, चीन और भारत सहित कई देश हाइपरसोनिक तकनीक पर काम कर रहे हैं।' इस तकनीक की कुंजी स्क्रैमजेट इंजन हैं। ये इंजन बिना किसी गतिमान पुर्जे के सुपरसोनिक गति से दहन को बनाए रख सकते हैं। जमीनी परीक्षण में कई उल्लेखनीय उपलब्धियां देखने को मिलीं। जैसे सफल प्रज्वलन और स्थिर दहन। इससे हाइपरसोनिक वाहनों में इसके इस्तेमाल की संभावना दिखती है। अधिकारी ने एक मजेदार उदाहरण देते हुए कहा, 'स्क्रैमजेट इंजन में प्रज्वलन ऐसा है जैसे 'तूफान में मोमबत्ती जलाए रखना'।' 'स्क्रैमजेट इंजन में प्रज्वलन ऐसा है जैसे 'तूफान में मोमबत्ती जलाए रखना'।' इस सफलता में रक्षा अनुसंधान एवं विकास प्रयोगशाला (DRDL) और उद्योग द्वारा संयुक्त रूप से विकसित एंडोथर्मिक स्क्रैमजेट ईंधन की अहम भूमिका है। यह खास ईंधन इंजन को ठंडा रखने और आसानी से आग पकड़ने में मदद करता है।

**अर्ज किया है..!**

*शर्त कुछ ऐसी लगाई मैंने,*
*जिसमें मुझे हार जाना था*

- फ़हमी बदायूनी

**OSHO कहिन**

**"तुम वही बन जाते हो जो तुम सोचते हो।"**



**ज्ञान-विज्ञान**

# ब्रह्मांड में सबसे तेजी से खत्म हो रहा ग्रह मिला, अपना ही तारा बन गया भक्षक!

## NASA के 'शिकारी' सैटेलाइट ने खोजा



NASA के TESS (Transiting Exoplanet Survey Satellite) ने BD+05 4868 Ab नामक एक एक्सोप्लानेट की खोज की है. यह अब तक देखा गया सबसे तेजी से खत्म होता ग्रह है. यह ग्रह अपने तारे BD+05 4868 A के रेडिएशन के चलते इतनी तेजी से टूट रहा है कि हर एक मिलियन साल में यह चंद्रमा के बराबर मात्रा में पदार्थ खो देता है. जल्द ही यह पूरी तरह से खत्म हो जाएगा.

### सबसे तेजी से 'डिसइंटीग्रेट' हो रहा ग्रह

BD+05 4868 Ab पृथ्वी से केवल 141 प्रकाश वर्ष दूर स्थित है. इससे यह सबसे नजदीकी 'डिसइंटीग्रेटिंग' ग्रह बन गया है. यह ग्रह तारे के इतने करीब है कि इसकी परिक्रमा का समय मात्र 30.5 घंटे है. BD+05 4868 Ab को 'अल्ट्रा-शॉर्ट पीरियड प्लैनेट्स' (USPs) की श्रेणी में रखा गया है.

ये ग्रह अपने तारे के इतने करीब होते हैं कि उनकी सतह का गुरुत्वाकर्षण कम होने के कारण वे नष्ट हो जाते हैं. 6,000 से अधिक ज्ञात एक्सोप्लानेट्स में केवल चार ही 'डिसइंटीग्रेटिंग प्लैनेट्स' के रूप में पहचाने गए हैं, जिनमें BD+05 4868 Ab सबसे नया और सबसे अनोखा है.

ग्रह के पीछे विशाल धूल की 'टेल' है, जो लगभग 5.6 मिलियन मील (9 मिलियन किलोमीटर) लंबी है. जब यह ग्रह अपने तारे के सामने से गुजरता है, तो इसकी धूल तारे की 1% रोशनी को ब्लॉक कर देती है और इसका ट्रांजिट सिग्नल 15 घंटे तक रहता है.

MIT रिसर्च टीम के अनुसार, टेल के आगे का भाग बड़े कणों से बना है, जो रेगिस्तानी रेत के समान हैं, जबकि पीछे का भाग सूट (soot) जैसे छोटे कणों से बना है. यह बंटवारा धूल कणों के विभिन्न आकारों के कारण होता है.

### क्यों अहम है यह खोज?

BD+05 4868 Ab जैसे ग्रह, जो अपनी 'आंतरिक सामग्री' को अंतरिक्ष में फैला रहे हैं, वैज्ञानिकों के लिए एक दुर्लभ मौका बन जाते हैं. MIT और पेन स्टेट यूनिवर्सिटी के रिसर्चर्स की टीम ने इस ग्रह पर रिसर्च करते हुए बताया कि ऐसे ग्रहों की स्टडी करके उनकी संरचना का एनालिसिस किया जा सकता है. BD+05 4868 Ab से जुड़ी यह रिसर्च पेपर रिपॉजिटरी साइट arXiv पर उपलब्ध है.

New Delhi

# हिमाचल में बर्फबारी, 6 राज्यों में बारिश का अलर्ट कड़ाके की ठंड फिर देने वाली है दस्तक

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** दिल्ली-एनसीआर सहित देश के कई इलाकों में कड़ाके की ठंड फिर दस्तक देने वाली है। मौसम विभाग के ताजा अनुमान के मुताबिक, 23 जनवरी तक पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र में अलग-अलग जगहों पर बारिश और बर्फबारी की संभावना है। मौसम विभाग का कहना है कि 22 जनवरी को राजस्थान और पश्चिमी मध्य प्रदेश में बारिश हो सकती है। आईएमडी के पूर्वानुमान के मुताबिक, 22 जनवरी को हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, हरियाणा, चंडीगढ़, पश्चिमी उत्तर प्रदेश में गरज के साथ बारिश की संभावना है।

हिमाचल प्रदेश में बुधवार-गुरुवार को कुछ स्थानों पर



हल्की से मध्यम बारिश या बर्फबारी होने की संभावना है, जबकि उसके बाद 27 जनवरी तक मौसम शुष्क रहेगा। स्थानीय मौसम कार्यालय ने मंगलवार को कहा कि हंसा और काजा में क्रमशः 2.5 सेमी और 0.8 सेमी बर्फबारी हुई। राज्य के बाकी हिस्सों में मौसम शुष्क रहा।

जहां तक दिल्ली-एनसीआर की बात है तो यहां 23 जनवरी के बाद ठंड बढ़ने का अनुमान है। मौसम विभाग का कहना है कि 24 जनवरी को सुबह के समय अधिकांश स्थानों पर कोहरा छाने की संभावना है। इसे देखते हुए यलो अलर्ट जारी किया गया है। वहीं, कुछ स्थानों पर सुबह के समय घना कोहरा भी छाने की संभावना है। यहां अधिकतम तापमान 18 जबकि न्यूनतम 8 डिग्री सेल्सियस के आसपास रिकॉर्ड किया

Bihar

# डिप्टी कलेक्टर के बेटे की डैम में डूबने से हुई मौत, दोस्तों के साथ घूमने आया था यहां



**रायगढ़, (एजेंसी) छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में मंगलवार की शाम दोस्तों के साथ घूमने टीपाखोल डैम पहुंचे डिप्टी कलेक्टर के बेटे की डैम में डूबने से मौत हो गई। देर रात तक युवक का पता नहीं चल पाया था, गोताखोर उसकी तलाश में जुटे थे। आज सुबह फिर से युवक की तलाश शुरू की गई। जिसके बाद गोताखोरों ने उसका शव डैम से निकाला।**

मिली जानकारी के मुताबिक, डिप्टी कलेक्टर के पद पर पदस्थ अजय लकड़ा का 25 वर्षीय बेटा जॉय लकड़ा दिल्ली में पढ़ता था और अपनी कॉलेज की छुट्टी में रायगढ़ आया हुआ था। जहां आज मंगलवार की शाम 8 से साढ़े 8 बजे के आसपास अपने दो दोस्तों के साथ टीपाखोल डैम घूमने गया हुआ था। बताया जा रहा है इसी बीच वह जब डैम के ऊपर गेट खोलने वाले पॉइंट में खड़ा था, तभी उसका ईयरबड्स पानी में गिर गया, बैगर पानी के गहराई का पता किए जब वह पानी में उतरा तो डूबने लगा। इस दौरान वहां मौजूद उसके दोस्तों ने उसे बचाने का काफी प्रयास किया। लेकिन उन्हें भी तैरना नहीं आता था, ऐसे में वे अपने दोस्त को नहीं बचा सके और जॉय गहरे पानी में डूब गया। युवक के डेम में डूबने की खबर से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई।

Rajasthan

# एक सप्ताह पहले नौकरानी को काम पर रखा... साथियों के साथ लूट ले गई ₹57 लाख

**जयपुर, (एजेंसी)** जयपुर में एक बड़ी लूट की वारदात सामने आई है, जहां बदमाशों ने एक बुजुर्ग महिला और दो नौकरों को बंधक बनाकर लाखों की नकदी और जेवरात लूट लिए. पुलिस के मुताबिक, लूट में एक सप्ताह पहले काम पर रखी गई नेपाली नौकरानी सावित्री शामिल है. उसने दो लोगों को बाहर से घर में घुसने दिया और वारदात के बाद उनके साथ फरार हो गई. घटना डूंगरी थाना इलाके में सोनी अस्पताल के पास देवी नगर में हुई. यहां 75 वर्षीय मंजू कोठारी के घर में लूटपाट की गई. नौकरानी सावित्री ने साथ बदमाशों ने मंजू कोठारी और उनके दो नौकरों के साथ मारपीट कर उन्हें बंधक बना लिया. फिर अलमारी से 7 लाख रुपए नकद और करीब 50 लाख रुपए के जेवरात लूट लिए. वारदात के बाद सावित्री बदमाशों के साथ कैब में बैठकर फरार हो गई. एडिशनल डीसीपी ईस्ट आशाराम चौधरी ने बताया कि पीड़िता ने 7 दिन पहले एक परिचित की सलाह पर नेपाली नौकरानी सावित्री को काम पर रखा था.

Bihar

# बिहार में चलती ट्रेन में शख्स की गोली मारकर हत्या, घटना के बाद चेन पुलिंग कर फरार हुए बदमाश

**लखीसराय (बिहार), (एजेंसी)** बिहार के लखीसराय जिले में सोमवार शाम हावड़ा-गया एक्सप्रेस ट्रेन में एक 49 वर्षीय व्यक्ति की अज्ञात बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी. मृतक की पहचान धर्मेंद्र कुमार (49), निवासी लखीसराय के रूप में हुई है. रेलवे पुलिस अधीक्षक (जमालपुर) रमण चौधरी ने बताया कि जब ट्रेन किऊल जंक्शन पर रुकने वाली थी, तभी कुछ बदमाशों ने व्यक्ति को गोली मार दी. घटना के बाद बदमाश चेन पुलिंग कर ट्रेन से कूदकर फरार हो गए.

पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच की जा रही है. धर्मेंद्र कुमार के बैग से संपत्ति से जुड़े दस्तावेज बरामद हुए हैं. पुलिस का मानना है कि हत्या का कारण संपत्ति विवाद हो सकता है. हालांकि, अन्य पहलुओं से भी मामले की जांच की जा रही है.

यह घटना ट्रेन में सुरक्षा को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े करती है. पुलिस ने कहा कि जल्द ही आरोपियों को पकड़ने के लिए जांच अभियान चलाया जाएगा. किऊल जंक्शन से ट्रेन खुलने के बाद चार अपराधी यात्रियों से भरे कोच में घटना को अंजाम देने के बाद चेन पुलिंग कर ट्रेन से उतरकर आसानी से फरार हो गए. वारदात वाली बोगी में सफर कर रहे यात्री ने बताया कि किऊल स्टेशन से लगभग 3:40 पर ट्रेन जैसे ही खुली, आउटर सिग्नल के पास पहुंचते ही चार अपराधियों ने हत्या को अंजाम दिया और भाग गए.

खेल

# सात्विक-चिराग की जोड़ी दूसरे दौर में आयुष और तान्या मुख्य दौर में पहुंचे

**जकार्ता, (एजेंसी) सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय जोड़ी ने मंगलवार को चीनी ताइपे के चेन झी रे और लिन यू चीह की जोड़ी के खिलाफ सीधे गेम में जीत के साथ इंडोनेशिया मास्टर्स सुपर 500 बैडमिंटन के दूसरे दौर में प्रवेश किया।**



एशियाई खेलों की चैंपियन भारतीय जोड़ी ने अपने शुरुआती मैच में विश्व रैंकिंग में 38वें स्थान पर मौजूद चेन और लिन की जोड़ी को 21-16 21-15 से हराया। सात्विकसाईराज और चिराग की जोड़ी पिछले दो सप्ताह में दो सेमीफाइनल (मलयेशिया ओपन सुपर 1000 और इंडिया ओपन सुपर 750) खेल चुकी है। विश्व रैंकिंग में 19वें स्थान पर काबिज तनीषा क्रास्टो और अश्विनी पोनप्पा की महिला युगल जोड़ी ने ओरनिचा जोंगसथापोर्नपार्न और सुकित्ता सुवाचाई की थाईलैंड की जोड़ी को 21-6 21-14 से हराया। सात्विक और चिराग की विश्व की पूर्व नंबर एक पुरुष युगल जोड़ी का अगला मुकाबला इंडोनेशिया के रेमंड इनरा और पात्रा हरपन रिंडोरिंडो की जोड़ी और थाईलैंड के किटिनुपोंग केड्रेन और डेचापोल पुवारानुक्रोह की जोड़ी के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा। पिछले महीने गुवाहाटी मास्टर्स सुपर 100 का खिताब जीतने वाली अश्विनी और तनीषा की जोड़ी का अगला मुकाबला मलेशिया की पेई की गो और मेई जिंग तेओह से होगा। पुरुष एकल में 2023 ओडिशा मास्टर्स के उपविजेता आयुष शेट्टी ने क्वालीफाइंग चरण में हमवतन किदांबी श्रीकांत को 21-7, 21-15 से हराया, जबकि तान्या हेमंत ने महिला एकल में चीनी ताइपे की तुंग सिउ-टोंग को कड़े संघर्ष में 16-21, 21-17, 21-15 से मात दी। विश्व जूनियर चैंपियनशिप (2023) के कांस्य पदक विजेता आयुष का मुख्य ड्रॉ में शीर्ष वरीयता प्राप्त चीन के शी यू क्यूई से मुकाबला होगा, जबकि तान्या के सामने थाईलैंड की पूर्व विश्व चैंपियन रत्चानोक इंतानोन की चुनौती होगी।

सिनेमा

# व्हाइट शर्ट, काला चश्मा और हाथ-गर्दन पर पट्टी... सैफ अली खान हॉस्पिटल से डिस्चार्ज



एक्टर सैफ अली खान लीलावती अस्पताल से डिस्चार्ज हो गए. एक्टर की पत्नी करीना कपूर और बेटी सारा अली खान, सैफ को लेने अस्पताल पहुंची थीं. सैफ अली खान अस्पताल से व्हाइट शर्ट, ब्लू डेनिम पहने निकले. उन्होंने आंखों पर चश्मा लगाया हुआ था. उनके हाथ में काली पट्टी बंधी दिखी. एक्टर की गर्दन पर भी पट्टी थी. सैफ अली खान ने पैपराजी की तरफ देखकर उन्हें थंब्स अप भी दिया. एक्टर अपनी ब्लैक पोर्श कार में सवार होकर घर गए. उनके साथ मुंबई पुलिस के अधिकारियों को भी देखा गया. टाइट सिक्योरिटी के बीच एक्टर घर पहुंचे. एक्टर को 16 जनवरी की रात चाकू लगने के बाद यहां भर्ती करवाया गया था. 16 जनवरी को रात 2 बजे सैफ अली खान के घर में चोर घुस आया था. चोर से हाथापाई के बाद सैफ घायल हो गए थे. शख्स ने एक्टर पर चाकू से 6 वार किए थे, जिसमें दो जख्म गहरे थे. जख्मी सैफ अली खान को लीलावती अस्पताल में भर्ती करवाया गया था, जहां उनकी सर्जरी हुई. एक्टर की रीढ़ की हड्डी के पास चाकू का 2.5 इंच का टुकड़ा घुस गया था, जिसे डॉक्टर्स ने सर्जरी से निकाला.

Highlights

1. Elections for eight MLC seats in Telangana nears
2. Who has presented the maximum number of Union Budgets?
3. Dry days in Delhi from February 3-5 & February 8 due to polls
4. Remove encroachments or I will arrange bulldozers: Gadkari in Goa
5. Car with kitchen, solar panel seen at Maha Kumbh

# Stargate: OpenAI, SoftBank announce $500 billion US-based AI data centre network; to create thousands of jobs

**NEW DEIHI, (Agency).** OpenAI's Sam Altman, Softbank's Masayoshi Son, and Oracle's Larry Ellison joined US President Donald Trump to announce The Stargate Project at a White House press conference on Tuesday, January 21.

The Stargate Project is a system of data centres which will become the crucial infrastructure to support artificial intelligence (AI) by OpenAI in the US.

These three companies, along with MGX are "initial equity funders" for the project, poised to invest $500 billion collectively over the next four years.

In an official company statement, OpenAI said it will begin deploying $100 billion for the project immediately, claiming that "this infrastructure will




secure American leadership in AI, create hundreds of thousands of American jobs, and generate massive economic benefit for the entire world."

"This project will not only support the re-industrialization of the United States but also provide a strategic capability to protect the national security of America and its allies," it added.

SoftBank and OpenAI will be the lead partners for the project, with SoftBank taking financial responsibilities and OpenAI taking operational responsibilities.

Masayoshi Son will be the chairman of Stargate.

Meanwhile, Arm, Microsoft, NVIDIA, Oracle, and OpenAI will be the key initial technology partners.

OpenAI says that the buildout is already underway, starting in Texas. It is also evaluating potential sites across the US for more campuses as definitive agreements are getting finalized.

# Union Budget 2025: Who has presented budget the most number of times?

**Mumbai, (Agency).** Finance Minister Nirmala Sitharaman will create a record of presenting the highest number of consecutive Union budgets on February 1. The budget for the financial year (FY) 2025-26 will mark her eighth consecutive annual financial statement, a new record in India's Parliamentary history.

The BJP leader assumed the role of finance minister after the NDA won the 2019 general elections. The full budget for FY 2019-20 marked Sitharaman's first budget as a union minister. The interim budget for that



year was delivered by then finance minister and BJP leader Piyush Goyal, now serving as the minister for commerce and industry.

Last FY, Sitharaman surpassed former finance minister Morarji Desai's record of delivering six consecutive union budgets in Parliament. Desai was finance minister under Jawaharlal Nehru and Indira Gandhi and later became the Prime Minister of India in 1977.

Desai has presented 10 union budgets, a feat yet to be surpassed. The late Janata Dal leader delivered his first budget in 1959 and presented five full budgets and one interim budget between 1959 and 1963. After four years, Desai delivered an interim budget in 1967 and three more full budgets in 1967, 1968, and 1969.

India's prime ministers have also delivered union budgets in the past. The first Prime Minister, Jawaharlal Nehru, presented the FY 1958-59 budget while he temporarily handled the finance portfolio. Former Prime Minister Indira Gandhi tabled the FY 1969-70 budget after Desai resigned as the finance minister.

# सड़क हादसे में पिता की मौत, बेटा गंभीर घायल

## कार चालक ने टक्कर मारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर के समीप तिल्लौर में सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई। जबकि उसका बेटा गंभीर घायल है। उसे उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। परिवार ने आरोप लगाया कि एमवाय अस्पताल में करीब चार घंटे तक ठीक से उपचार नही मिलने के चलते पिता की मौत हो गई। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम किया है।**

खुड़ैल पुलिस के मुताबिक राकेश वर्मा (42) निवासी तिल्लौर खुर्द की सड़क हादसे में मौत हो गई। जबकि उसका बेटा यश(20) गंभीर घायल हुआ है। पुलिस के मुताबिक घर से 1 किलोमीटर पहले उन्हें एक कार ने टक्कर मार दी। हादसे के बाद गंभीर हालत में उन्हें एंबुलेंस से एमवाय भेजा गया था। यहां रात 3 बजे के लगभग राकेश ने दम तोड़ दिया।

परिवार ने बताया कि हादसा रात 11 बजे हुआ था। आधे घंटे बाद वह एमवाय पहुंचे थे। हादसे के बाद भी वह परिवार से बातचीत कर रहे थे। लेकिन राकेश को देर रात तक इमरजेंसी वार्ड में ही रखा। ठीक से इलाज नहीं होने के कारण उन्होंने दम तोड़ दिया। बाद में परिजन यश की हालत देखते हुए उसे निजी अस्पताल लेकर पहुंचे।



परिजनों ने बताया कि राकेश अपने बेटे यश और परिवार के लोगों के साथ मंगलवार सुबह कार से लड़की देखने उज्जैन गए थे। यहां से वापस आने के बाद बेटे ने दुकान का सामान लाने की बात कही। इस दौरान दोनों रात करीब 8 बजे बाइक से पालदा इलाके में सामान लेने आए। यही से वापस जाते वक्त हादसे का शिकार हो गए।

परिवार के मुताबिक राकेश की तिल्लौर में ही सैलून पार्लर है। यश पढाई के साथ अपने पिता के दुकान पर ही हाथ बंटाता है। परिवार में एक बेटी पत्नी के साथ बड़े भाई और माता पिता भी साथ ही रहते है।

# घरों के बाहर खड़ी कारों के कांच फोड़े

### सीसीटीवी में दिखे एक्टिवा सवार दो बदमाश, तलाश में जुटी पुलिस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट


**इंदौर। इंदौर के अन्नपूर्णा इलाके में बदमाशों ने कारों में तोड़फोड़ कर दी। पीड़ित ने पुलिस को सीसीटीवी फुटेज सौंपे है। पुलिस अब इन्ही फुटेज के आधार पर आरोपी की तलाश कर रही है। पीड़ित के मुताबिक सीसीटीवी सौंपने के बाद भी अन्नपूर्णा पुलिस ने अभी मामले में आवेदन लिया है।**

अन्नपूर्णा इलाके की प्रिकांको कॉलोनी में प्रमोद शर्मा अपने परिवार के साथ रहते है। उन्होंने बताया कि 9 जनवरी से वह तीर्थयात्रा पर गए थे। उनके पास 20 जनवरी की रात पड़ोस में रहने वाले ईश्वर भारद्वाज का कॉल आया। पड़ोसी ने बताया कि घरों के बाहर खड़ी कारों में बदमाशों ने पथराव किया है। जिसमें उनकी भी कार के कांच बदमाशों ने फोड़ दिए है। मामले में उन्होंने पुलिस कंट्रोल रूम को जानकारी दी। मौके पर पहुंची एफवीआर ने थाने जाकर शिकायत करने की बात कही।

इसके बाद प्रमोद मंगलवार को इंदौर पहुंचे और अन्नपूर्णा थाने में घटना की शिकायत की।



उन्होंने पुलिस को बताया कि उनके पास बाइक से आए आरोपियों के फुटेज है। जिसमें वह कारों में तोड़फोड़ करते हुए दिख रहे है। मामले में पुलिस ने उनसे लिखित शिकायत लेकर जांच की बात कही। फिलहाल दो दिन बाद भी पुलिस फुटेज में दिख रहे आरोपियों के बारे में जानकारी नही निकाल पाई है।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9111156060 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक